हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 7 जनवरी 2024



04 ड्रायवरों ने भोपाल-इंदौर हाइवे पर चक्काजाम...



07 यह कैसा महिला आरक्षण : सरपंच...






खबर संक्षेप

### महिलाओं को टॉर्चर करने वालों को जेल में डाल देना चाहिए : शबनम



**सीहोर।** 21 वर्षीय शबनम शेख के हौसलों और धार्मिक आस्था को देखकर लोग हैरान हैं। वह मुंबई से अयोध्या तक पैदल जा रही हैं, उनके और साथियों के हाथों में भगवा ध्वज है। जिस पर जय श्री राम लिखा हुआ है। रास्ते में वंदे मातरम और जय श्री राम के नारे लगाते हर दिन में वे 37 किलोमीटर पैदल चलती हैं। शबनम शेख ने बताया कि वे अभी फर्स्ट ईयर की छात्रा हैं। उनके दो साथी विनीत पांडे और रामराज शर्मा उनके साथ कदम से कम मिलते हुए मुंबई से अयोध्या जा रहे हैं। शनिवार को ये तीनों श्रद्धालु सीहोर पहुंचे जहां जगह-जगह पर उनका स्वागत किया। मीडिया से चर्चा करते हुए शबनम ने कहा कि वह शुरू से ही हिंदू बाहुल्य क्षेत्र में रही हैं और उन्हें अपने धर्म के साथ-साथ दूसरे धर्म का सम्मान करना भी बहुत अच्छे से आता है। सोशल मीडिया पर लोग मेरे ऊपर आरोप लगा रहे हैं, उससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को टॉर्चर करने वालों को जेल में डाल देना चाहिए। शबनम ने कहा कि उन्हें पैदल चलते हुए 17 दिन हो गए हैं।

## सबसे पहले हाउसिंगबोर्ड रेलवे फाटक पर बनकर तैयार होगा रेलवे ओवर ब्रिज

# आरओबी के पीलर खोदने निर्माण एजेंसी ने सर्वे कर की मार्किंग, दो दिन बाद मशीनों से खोदे जाएंगे गड्ढे

तीनों ओवरब्रिज निर्माण के दौरान नहीं डायवर्ट नहीं होंगे मार्ग, पास से ही बनाए जाएंगे एप्रोच रोड। 18 महीने में बनकर तैयार होंगे तीनों रेलवे ओवरब्रिज, 50 हजार लोगों को होगा फायदा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल-रतलाम रेलवे ट्रेक फाटक क्रमांक 104, 107, 108 पर 82 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) के कार्य का श्रीगणेश शनिवार को मार्किंग के साथ हो गया। सबसे बड़ी बात ये है कि ओवरब्रिज निर्माण के दौरान मार्ग को बंद नहीं किया जाएगा। मार्ग के साइड में ही एप्रोच रोड का निर्माण किया जाएगा। जिससे की मार्ग से निकलने वाले लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। आरओबी के पीलरों के लिए गड्ढे खोदने के लिए मशीनों से दो दिन बाद खुदाई शुरू जाएगी। सबसे पहले हाउसिंग बोर्ड रेलवे क्रसिंग पर आरओबी बनाया जाएगा। इसके बाद फंदा फाटक और तूमड़ा रेलवे क्रसिंग पर आरओबी बनाया जाएगा।

निर्माण एजेंसी भोपाल-रतलाम रेलवे ट्रेक फाटक क्रमांक 104, 107, 108 पर 82 करोड़ रुपए की लागत से तीन आरओबी का निर्माण होना है। ओवरब्रिज निर्माण के लिए मार्किंग का काम शुरू हो गया है। शनिवार को निर्माण एजेंसी ने हाउसिंग बोर्ड रेलवे क्रसिंग की दोनों साइड पर पीलरों की मार्किंग की।ओवरब्रिज निर्माण से पटरी पार करने पटरी पार करते समय आए दिन होने वाले हादसों और बार बार लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। यह आरओबी सीहोर के लिए भी बड़ी सौगात साबित होगा।



**सीहोर।** आदिवासी बालक छात्रावास के सामने पीलर खोदने के लिए निर्माण एजेंसी के इंजीनियरों ने मार्किंग की।

### कहां कितनी लागत से बनेंगे तीन ब्रिज...

*हाउसिंग बोर्ड: फाटक क्रमांक104 हाउसिंग बोर्ड रोड पर बनने वाला ओवर ब्रिज 25 करोड़ की लागत से बनेगा। 700 मीटर लंबाई और 15 मीटर मीटर चौड़ाई वाले ओवर ब्रिज से निकलने वाले करीब 50 हजार से ज्यादा लोगों को लाभ मिलने से इंकार नहीं किया जा सकता है।*

*फंदा फाटक: फंदा फाटक क्रमांक 107 पर बनने वाला ओवरब्रिल करीब 28 करोड़ की लागत से बनेगा। 700 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ाई वाले इस ओवरब्रिज पर 12 मीटर चलने के लिए जगह रहेगी। वही डेढ़-डेढ़ मीटर के दोनों साइड फुटपाथ की जगह छोड़ी जाएगी। इस जगह पर लोग पैदल भी आसानी से आना जाना कर सकेंगे। यह आरओबी सीहोर के अलावा आसपास के करीब 15 से ज्यादा गांव के लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगा।*

*तूमड़ा फाटक : फाटक क्रमांक 108 पर 29 करोड़ की लागत से ओवर ब्रिज का निर्माण होगा। यहां भी 700 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ाई वाला ओवर ब्रिज का निर्माण होगा। यह आरओबी सीहोर और भोपाल जिले की सीमा पर बन रहा है। इससे समझा जा सकता है कि यह सीहोर व भोपाल दोनों जिलों के लोगों के लिए काफी हद तक बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।*



### लंबे समय से रुका हुआ था काम, अब 18 माह में पूरा होगा काम

शासन से तीनों रेलवे ओवरब्रिज की स्वीकृति के बाद सर्वे कराया गया था, लेकिन टेंडर व एग्रीमेंट नहीं होने की वजह से काम प्रारंभ नहीं हो सका था। ब्रिज कॉर्पोरेशन विभाग के अधिकारियों के अनुसार टेंडर के बाद एग्रीमेंट की प्रक्रिया होते ही निर्माण एजेंसी ने हाउसिंग बोर्ड रेलवे क्रासिंग से आरओबी का काम शुरू कर दिया है। फंदा, तूमड़ा और हाउसिंग बोर्ड रेलवे क्रसिंग पर बनने वाले तीनों आरओबी को पूरी तरह से बनाकर तैयार करने लिए 18 महीने की समय सीमा रखी गई है।

### 18 महीने में बनेंगे आरओबी

तीनों आरओबी का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। शनिवार को हाउसिंग बोर्ड रेवले क्रसिंग पर मार्किंग की गई है। इसके साथ ही तेजी से तीनों आरओबी का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। निर्माण एजेंसी को 18 महीने में आरओबी बनाने की समयसीमा दी गई है।

**कैलाश वर्मा,** सब इंजीनियर ब्रिज कार्पो. विभाग भोपाल

# गड़बड़ी करने वाले के साथ सख्ती से निपटेंगे : मंत्री करण सिंह वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा है कि गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सरकार सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी हमारी टीम है। हम राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर किसानों और आम नागरिकों के कल्याण के लिए कार्य करेंगे। मंत्री वर्मा ने मंत्रालय में विभागीय कार्य प्रारंभ करने बाद अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। मंत्री वर्मा ने मंत्रालय में भ्रष्टाचार के एक प्रकरण में अभियोजन की स्वीकृति प्रदान कर कार्य की शुरूआत की।

उन्होंने कहा कि मैंने आज भ्रष्टाचार के प्रकरण में अभियोजन की स्वीकृति देकर कार्य शुरू किया है। भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन देने के लिए हम कृतसंकल्प है। मंत्री वर्मा ने कहा कि मैं स्वयं ईमानदारी से कार्य करता हूँ और अपेक्षा करता हूँ कि अधिकारी कर्मचारी भी पूरी ईमानदारी से निष्ठापूर्वक कर्त्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी अपना कार्य ईमानदारी से करें। मैंने पहली फाइल में भ्रष्टाचारी को दंडित करने की कार्यवाही करने की स्वीकृति देकर स्पष्ट संदेश दिया है।मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हम विकास पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें राजस्व मंत्री के रूप में दी गई जिम्मेदारी को वह बेहतर ढंग से पूरा करेंगे और उनसे की गई अपेक्षाओं पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# वर्षों से उपेक्षित शहर के मंडी क्षेत्र की दलित बस्ती: कच्ची नालियों के बीच रहने को मजबूर लोग, सामुदायिक भवन भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पिछले कुछ वर्षों में शहर में कई सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के काम किए गए हैं। जिनमें वार्डों में पक्की सड़कें, पार्क और सामुदायिक भवन बनाने का काम हुआ है। लेकिन इन विकास कार्यों से आज भी शहर की दलित बस्तियां अछूती हैं, यहां आज भी कच्ची नालियां हैं, इससे इलाके में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि स्वच्छता को केन्द्र और राज्य सरकार के साथ निकाय काफी सजग है। अंडर ग्राउंड सीवेज लाइन भी शहर के कुछ क्षेत्र में बिछाया गया है, लेकिन शहर के मंडी क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 स्थित फ्रीगंज दलित बस्ती वर्षों से उपेक्षित है। यहां कंक्रीट नाली का अभाव है, जिससे लोगों के घरों के सामने ही गंदा पानी फैलता रहता है, इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करने के साथ बीमारियों का भी खतरा बना रहता है।

### सामुदायिक भवन की कमी

क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि यहां पर सामुदायिक भवन भी नहीं है। इस इलाके में ज्यादातर मजदूर वर्ग रहते है, छोटे-छोटे कार्यक्रमों के लिए निजी गार्डन लेना पड़ता है जो काफी खर्चीला होता है। अगर सामुदायिक भवन बन जाए तो लोगों को काफी सहूलियत होगी, इसलिए लंबे समय से यहां सामुदायिक भवन निर्माण की मांग की जा रही है।

### कोई उद्यान नहीं

रहवासियों का यह भी कहना है कि नगर पालिका द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण कार्य की श्रृंखला में एक पार्क का निर्माण इस क्षेत्र में भी कराया जाना चाहिए। क्षेत्र के लोगों को और खासतौर से बच्चों को खेलने के लिए यहां एक पार्क होना चाहिए। यहां पर काफी शासकीय रिक्त भूमि भी पड़ी हुई है।

इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर का कहना है कि इंजीनियर को भेज कर दिखवाया जाएगा और नालियों का निर्माण कराया जाएगा।

### दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में 60 हजार रुपये के अतिरिक्त 10 दिनों तक एक हजार रुपए भी प्रतिदिन दिए जाएंगे। बीमाधारक का परिवार अन्य शहर में रहता है तो उसके आने के लिए अधिकतम 25 हजार रुपए तक का टिकट खर्चा भी दिया जायेगा और दुर्भाग्य से बीमा धारक की मृत्यु हो जाती है तो पॉलिसी के तहत 5 हजार रुपए अंतिम क्रियाक्रम के लिए दिए जाने का प्रावधान भी रखा गया है।

# जिला पंचायत सदस्य रिक्त पद के निर्वाचन कार्य के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद के निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया है। निधार्रित कार्यक्रम अनुसार जिला पंचायत सदस्य रिक्त पद के निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने कार्य को दृष्बित एवं कार्य सम्पन्न कराने के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये गये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह द्वारा नियुक्त किये गये जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों में प्राचार्य शासकीय महिला पॉलिटेकनिक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पंकज जैन, शासकीय सीएसए महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ उदय डोलस, शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अनुप सिंह, शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजेश बकोरिया इसी के साथ मास्टर ट्रेनर में माध्यमिक शिक्षक तिलक स्कूल के अभिषेक भार्गव, उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01 के शिक्षक राजेंद्र देशमुख, जिला परियोजना ओमप्रकाश शर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक -01 माध्यमिक शिक्षक देवेंद्र कुमार साहु, उच्च माध्यमिक संजय सिंह जादोन, माध्यमिक शिक्षक उत्कृष्ट क्रमांक-01 से जितेंद्र शर्मा एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक सुभाष के आशीष शर्मा मास्टर ट्रेनर होंगे। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं मास्टर ट्रेनर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन निर्देशानुसार मतदान दलों को प्रथम स्तरीय प्रशिक्षण 9 जनवरी 24 को दोपहर 2 बजे कन्या महाविद्यालय में दिया जाना नियत किया गया है।


ईवीएम मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच, एफएलसी का कार्य 10 जनवरी 24 को डॉ अम्बेकडर औधिगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई में किया जावेगा। आप सभी अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर समय सीमा में कार्य संपादित करेंगे।

### हल्की धूप के बीच 10 तक बारिश के आसार, रबी फसलों के लिए फायदेमंद

**सीहोर।** गुरुवार रात को कई जगह हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग अनुसार 10 जनवरी तक इसी तरह बारिश का दौर बना रहेगा। इस बीच हल्की धूप भी निकलेगी। लगातार होने वाली यह बारिश फसलों के लिए काफी फायदेमंद रहेगी। इसका सीधा असर जहां उत्पादन पर पड़ेगा तो वहीं सिंचाई के लिए खर्च होने वाली राशि की भी बचत होगी। हल्की बारिश फसलों के लिए बरदान साबित होगी। इससे जिन पौधों की सही तरीके से बढ़वार नहीं हुई थी उनकी बढ़वार के साथ शाखाएं भी अच्छी निकलेंगी। इससे उत्पादन अच्छा होगा। इस साल कम बारिश हुई है। यही कारण रहा है कि कम बारिश से कई जगह सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी भी किसानों के पास नहीं था। यही नहीं कई जगह तो सिंचाई की सुविधा तक नहीं है। इसलिए उन किसानों की फसलों को काफी फायदा हुआ है जहां पर सिंचाई के कोई साधन ही नहीं हैं। अच्छे फूल और फलियों के आने की उम्मीद किसानों को अब इस बारिश से फसल के अच्छे उत्पादन की उम्मीद जगी है। चना में अच्छे फूल आएंगे। यह माना जा रहा है कि गेहूं में बालियों की लंबाई अच्छी रहेगी। इससे उत्पादन अधिक होगा। आरएके कॉलेज स्थित मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि अभी तीन दिन तक पूर्व दिशा से हवा चलेगी। इसके बाद इनकी दिशा दक्षिण पूर्व हो जाएगी। न्यूतनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है तो वहीं अधिकतम तानमान 20.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

## 11 जनवरी को राष्ट्रपति करेंगे पुरस्कार प्रदान

# स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर बुदनी प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर प्रवीण सिंह की सतत मॉनिटरिंग और निर्देशान के चलते स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में राष्ट्रीय स्तर पर वेस्ट जोन में बुधनी को स्वच्छता रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला है। वेस्ट जोन में प्रथम स्थान आने तथा वाटर प्लस एवं थ्री स्टार रेटिंग के लिए आगामी 11 जनवरी 2024 को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### स्वच्छता बनाए रखने लोगों को किया जागरूक

कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अनेकों अभियान चलाकर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

लोगों को अपने घरों में अलग-अलग कचरे के लिए अलग-अलग डिब्बे रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें कचरा गाड़ी में ही कचरा डालने, गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा शहर को स्वच्छ रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया।

### डोर-टू-डोर किया गया कलेक्शन

शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रतिदिन लोगो से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने के लिए कचरा गाड़ी चलाई गई। कचरा गाड़ियों में जिंगल्स तथा बैनर, होर्डिंग्स, दीवार लेखन आदि के माध्यम से लोगो को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा कचरे को कचरा गाड़ी में डालने के लिए प्रेरित किया गया। जिसका परिणाम है कि बुधनी ने स्वच्छता में रैंकिंग प्राप्त की है। सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे। जिन्होंने शहरों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए लगातार काम किया।

# सीवरेज कनेक्शन की उपयोगिता बताने के लिए सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले की बुधनी नगर परिषद में सीवरेज परियोजना के प्रचार प्रसार के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी और ऑल इण्डिया इंस्टीटयूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्मेन्ट द्वारा जन जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधनी के वार्ड 5 में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बासापुर में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में टीम के द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षकगण और छात्र, छात्राओं को सीवरेज परियोजना से अवगत कराया गया व जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। सेमिनार में एकलव्य विद्यालय प्रिंसिपल श्रीमती अमीन खान एवं समस्त शिक्षक गण मौजूद रहे। वहीं एनजीओ की ओर से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर तैयब अंसारी, के एम त्रिपाठी, प्रदीप तिवारी की मौजूदगी रही।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा विशेष निधि के सहयोग से सीवरेज परियोजना का कार्य किया गया है।

**खबर संक्षेप**



### श्री राम नाम जप करने से मानव कष्ट दूर हो जाते हैं: आचार्य पाराशर

**सीहोर।** श्री राम नाम जप करने से मानव जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते है। राम का नाम महामंत्र है। राम के नाम से ही सभी पाप, कष्ट, व दुख दूर हो जाते हैं। राम मर्यादा में सर्वोत्तम है। उक्त उद्गार समीपस्थ ग्राम मुंगावली में कथावाचक पंडित मनोज पाराशर द्वारा श्री राम कथा के दौरान कहे। उन्होंने कहा कि राम नाम लेने से सभी कष्ट दूर हो जाते है। कलियुग में महज प्रभु श्री राम चंद्र का नाम ही मनुष्य को दुःखों से छुटकारा दिला सकता है। मगर चिंता की बात है कि धन-दौलत कमाने की होड़ में मनुष्य व्यर्थ की भाग-दौड़ में तो लगा हुआ है, मगर उसके पास सिर्फ राम नाम जपने का ही समय नहीं है। जबकि भगवान श्री राम के जीवन और उनके चरित्र मानव जीवन के लिए अनुकरणीय है। रामचरितमानस में भगवान श्री राम के जीवन से संबंधित हर एक पहलुओं को विस्तार से लिखा गया है। रामचरितमानस कथा के श्रवण करने वाले श्रद्धालुओ के सभी दुख व कष्ट दूर होते हैं।

### हाइवे पर आज ऑल ड्राइवर्स वेलफेयर एसोसिएशन करेगा चक्काजाम, सौंपा ज्ञापन

# ड्रायवरों ने भोपाल-इंदौर हाइवे पर चक्काजाम करने की दी चेतावनी

**कलेक्ट्रेट और एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ड्रायवरों ने दिया ज्ञापन, बोले: मांगे नहीं मानी तो आने वाले चार दिनों तक निरंतर करेंगे आंदोलन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





सैकड़ों ड्रायवर लगातार चार दिनों तक इंदौर भोपाल हाईवे बायपास क्रिसेंट चौराह पर चक्काजाम करेंगे। ऑल ड्राइवर्स वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े ड्रायवरों के द्वारा हिट एंड रन कानून के विरोध में सड़क पर धरना प्रदर्शन करेंगे। ड्रायवरों के द्वारा रविवार 7 जनवरी से लगातार 10 जनवरी बुधवार तक हाईवे पर चक्काजाम जारी रहेगा। धरना चक्काजाम आंदोलन प्रदर्शन ऑल ड्राइवर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष जगदीश पुरी के नेतृत्व में अनेक ड्रायवरों के द्वारा किया जाएगा। आपातकालीन सेवा देने वाले एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस की गाडियां, मिलिट्री फौज की गाडियां के ड्रायवर भी प्रदर्शन में सम्मिलित होंगे।

हिट एंड रन कानून को वापस लेने की मांग और कानून के खिलाफ आंदोलन करने की पूर्व सूचना प्रशासन और पुलिस करे देने के लिए अनेक ड्रायवर शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे यह पर डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा एवं अनुविभागीय सीहोर अधिकारी को ज्ञापन दिया। ऑल ड्राइवर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष जगदीश पुरी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता का यह 2023 का ऐसा काला कानून है हादसा होने पर ड्रायवर को 10 साल की सजा और 7 लाख रुपए का दण्ड देता है। यह कानून भारतीय ड्राइवर के साथ-साथ हर आम नागरिक जिसके पास ड्राइविंग लाइसेंस उस के लिए अभिशाप है। इस काले कानून का ऑल ड्राइवर कल्याण संघ घोर विरोध करनता है और कानून बनाने पर भारत सरकार की निंदा भी करता है। यह कानून हर हाल में वापस होना चाहिए। इस कानून के विरोध में 7/8/9/ और 10 जनवरी को किसेंट चौराह बायपास ड्रायवर शांतिपूर्वक कानून एवं संविधान का पालन करते हुए चक्काजाम करेंगे।

## थानों की सीमाओं को लेकर ग्राम पंचायतों से बुलवाए प्रस्ताव, बदलेंगी सीमाएं

**जिले के भीतर थानों, चौकियों की सीमाओं का निर्धारण करेगी कलेक्टर समिति**



**रेहटी।** अब जिले के भीतर थानों और चौकियों की सीमाओं के निर्धारण का अधिकार कलेक्टर की समिति करेगी। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा आदेश भी जारी किया गया है।

इसके बाद सीहोर जिले के थाना क्षेत्रों में बैठकों का दौर भी जारी है। इसी कड़ी में जिले के रेहटी थाने में भी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम राधेश्याम बघेल, एसडीओपी शशांक गुर्जर, तहसीलदार भूपेंद्र कैलाशिया, थाना प्रभारी राजेश कहारे सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में तय किया गया है कि जिन गांवों के थाना क्षेत्रों की वर्तमान सीमाएं यदि उनके उनके गांव से दूर है और यदि कोई अन्य थाना उनके नजदीक है तो उस गांव को नजदीकी थाना क्षेत्र में शामिल किया जाएगा। इसको लेकर ऐसी ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव भी बुलवाए गए हैं।

इन प्रस्तावों के बाद जिला एवं पुलिस के आला अधिकारी फिजिकल वेरीफिकेशन भी करेंगे एवं इन प्रस्तावों पर अमल करके इस संबंध में निर्णय लेंगे। इसके लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक एवं जिला अभियोजन अधिकारी की एक समिति भी बनाई गई है।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को किया लाभांवित






**सीहोर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिले के जिन ग्राम पंचायत में यात्रा का भ्रमण हुआ उनमें ग्राम सामरी बोंदा एवं भैरूंदा के ग्राम पाडल्या लाडकुई और डाबरी, पाडलिया नशगज सहित अनेक ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। यात्रा के दौरान ग्रामों में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर शासन की विभिन्न संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणजनों को विस्तार से दी गई और हितग्राही मूलक योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये गये शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरण किया गया। स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा के दौरान केन्द्र और राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं से आमजनों को विस्तृत रूप में समझाईश दी गई तथा लाभान्वित भी किया गया और शासन की योजनाओं के बारे मे नागरिकों को बताया जा रहा है। इस यात्रा से समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँच रहा है। प्रमुख योजनाओं का लाभ लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना, योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जागरूकता, लाभार्थियों के अनुभव साझा करना और संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना यात्रा का उद्देश्य है।

## पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**रेहटी।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया ।पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को भोपाल से कार द्वारा नसरुल्लागंज कार्यक्रम में जा रहे थे इसी दौरान सलकनपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत कर अगवानी की गई। इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ग्राम सेमरी में मृतक परिवारों के बीच पहुंचे जहां पर उन्होंने मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री का ग्राम बोरी में स्वागत किया यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मौजूद ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहा क्या हम लोगों का रिश्ता परिवार का रिश्ता है इसे मैं कभी टूटने नहीं दूंगा और मरते दम तक यह रिश्ता निभाता रहूंगा वही लाडली बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा लक्ष्य की लाडली बहनों को लखपति बना उसमें भी कोई कसर नहीं छोड़ूंगा इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला मालीबाया चौराहे पहुंचा जहां पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला जैसे ही नगर रेहटी पहुंचा तो जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया गया रेहटी में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाडली बहनों एवं भांजे भांजियों से भी मुलाकात की इस मौके पर बड़ी संख्या में नगर वासी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला सतर्कता और मॉनीटरिंग समिति की बैठक आयोजित



**सीहोर।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पिछले तीन माह के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सीईओ श्री तिवारी ने कहा कि पीड़ितो को शीघ्र राहत उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही पीड़ितों को निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में जाति प्रमाण-पत्रो की आवश्यकता है, उनके जाति प्रमाण-पत्र शीघ्र बनाये जाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी हीरेन्द्र कुशवाह ने प्रकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**स्वीकृत प्रकरणों में राहत :** बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में पिछले 01 अप्रैल 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कुल 299 प्रकरणों में दो करोड 52 लाख 13 हजार 750 रूपये की राहत राशि दी गई है। जिसमें अनुसूचित जाति के कुल 189 प्रकरणों मे एक करोड 99 लाख 67 हजार 500 रूपये की राहत तथा अनुसूचित जनजाति के कुल 40 प्रकरणों में 52 लाख 46 हजार 250 रूपये की राहत राशि पीड़ितों को वितरित की गई है।

## इंटर स्कूल बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट : फाइनल मैच आज खेला जाएगा



**सीहोर।** ब्ल्यू बर्ड स्कूल में आयोजित दो दिवसीय अंतर विद्यालय बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन पांच मैच खेले गये। प्रतियोगिता में शहर के 10 स्कूलों ने हिस्सा लिया, जिनमें से चार टीमें प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं। आज सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले सेमीफाइनल मैचों में पहला मैच गवर्नमेंट स्कूल पचमा और न्यू मोनालिसा स्कूल के बीच और दूसरा मैच विवेकानंद एकेडमी और ब्ल्यू बर्ड हाई स्कूल के बीच खेला जाएगा। पहले दिन के खेल में आवासीय विद्यालय के उपस्थित न होने के कारण शासकीय मॉडल विद्यालय को बाई दे दी गई, इस प्रकार पहला मैच आईईएस पब्लिक स्कूल और सेंट माइकल के बीच खेला गया। मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेंट माइकल ने 6 ओवर में 38 रन बनाए। जवाब में आईईएस स्कूल की टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर दूसरे राउंड में अपनी जगह बना ली। दिन का दूसरा मैच नवीन विद्या भारती और न्यू मोनालिसा स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें न्यू मोनालिसा स्कूल ने मैच जीत लिया। चौथे मैच में ब्ल्यू बर्ड स्कूल के देवांश राठौड़ की अर्धशतकीय पारी की मदद से ब्ल्यू बर्ड स्कूल की टीम ने 106 रन का विशाल स्कोर दिया। जवाब में ऑथेंटिक पब्लिक स्कूल की टीम 65 रन ही बना सकी। पांचवां मैच आईईएस पब्लिक स्कूल और विवेकानंद एकेडमी के बीच खेला गया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए विवेकानंद एकेडमी की टीम ने आईईएस पब्लिक स्कूल को 51 रनों का लक्ष्य दिया, जवाब में आईईएस पब्लिक स्कूल की टीम 18 रन ही बना सकी। दिन का आखिरी मैच शासकीय पचमा और मॉडल स्कूल के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गवर्नमेंट मॉडल स्कूल ने गवर्नमेंट पचमा स्कूल को 21 रनों का छोटा लक्ष्य दिया, जिसे गवर्नमेंट पचमा स्कूल ने आसानी से हासिल कर लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौड़, शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता पुनीत खनूजा लायंस क्लब से विनीत दुबे एवं शिक्षा विभाग से अंकुर शर्मा उपस्थित थे।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चल रही राम कथा, उमड़ रहे श्रद्धालु

# भरत जी जैसा राम भक्त कोई और नहीं : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री तुलसी मानस महिला रामायण मण्डल हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के तत्वाधान में आयोजित श्री राम कथा के सप्तम दिवस पर कथा सुनाते हुए ज्योतिष एवं भागवत सिंधु आचार्य पंडित हर्षित शास्त्री ने कहा कि केवट भगवान के चरण धुलाकर केवट ने भगवान राम माता सीता एवं लक्ष्मण जी को उस पार उतारा जहां पर भगवान राम चलते-चलते तीर्थराज प्रयाग पहुंचे। प्रयाग में गंगा जी का पूजन किया त्रिवेणी में स्नान करने के पश्चात भगवान राम भारद्वाज मुनि के आश्रम पहुंचे। जहां पर भारद्वाज मुनि के साथ सत्संग श्रवण करके रात्रि वही विश्राम किया। इसके बाद भगवान राम भारद्वाज ऋषि से आज्ञा मांगी कि हम कहां जाएं किस दिशा में जाएं जीवन में जीव को चाहिए कि वह गुरु का मार्गदर्शन ले तभी सही मार्ग पर जाया जा सकता है। राम जी स्वयं ब्रह्म है पर गुरु की आज्ञा के बिना राम जी मार्ग में आगे नहीं बड़े भारद्वाज जी ने बताया कि आप उत्तर की दिशा में जाएं तब भगवान श्री राम माता जानकी और लक्ष्मण भैया चले हैं। मार्ग में वाल्मीकि जी का आश्रम पड़ा जहां पर वाल्मीकि जी से राम भगवान ने पूछा कि हम कह जाएं कह रहे तब वाल्मीकि जी ने बताया कि आप चित्रकूट में जाकर के निवास करिए जहां पर देवताओं ने भगवान राम की पहुंचने से पहले ही पंचवटी का निर्माण कर दिया। उसी पंचवटी में भगवान राम माता सीता और लक्ष्मण भैया विराजने लगे। भगवान को जब वनवास मिला तब भगवान ने यह विचार नहीं किया कि हम कैसे रहेंगे भगवान को आनंद की अनुभूति हुई स्थिति कैसी भी हो जीवन में जीव को उसमें आनंद की अनुभूति करना चाहिए। भगवान राम वन में भी इस आनंद में रहे जी आनंद में वह महल में रहते थे। आज निषादराज जी को राम जी ने वापस लौट आया है। निषादराज वापस आए हैं और देखे हैं कि जिस तट पर भगवान सुमंत जी को छोडक़र गए थे इस तट पर सुमंत जी अभी तक शिथिल अवस्था में विराजमान है घोड़े पेड़ से बंधे हुए हैं। नेत्र से असुरपात हो रहा है और पृथ्वी पर शिथिल अवस्था में नेत्रों से अश्रुपात करते हुए सुमंत जी लेटे हैं सुमंत जी को निषाद राज को उन्हें समझाया है और रथ पर विराजमान करके अयोध्या की तरफ रथ को लेकर के गए जहां पर तमसा नदी पर सुमंत जी रुक गए और सुमंत जी ने निषाद राज को विदा किया है सुमंत जी विचार करें हैं कि हम अयोध्या कैसे जाएं दिन के अंधेरे में हमारा मुंह देखकर सब पूछेंगे कि राम को साथ क्यों नहीं ले। तब मैं अपना कलंकित मुंह कैसे दिखाऊंगा इसलिए विचार करके सुमंत की रात्रि का इंतजार किया रात होने पर सुमंत जी अयोध्या की तरफ रथ लेकर के चले रथ को आता देख सभी लोग आशा के साथ सुमंत जी की तरफ देखने लगे पर राम नहीं आए थे सुमंत जी महल में गए जहां पर दशरथ जी निश्चेष्ट अवस्था में पृथ्वी पर विराजमान थे। जिस प्रकार शरीर में से प्राण निकल जाए जीव की अवस्था होती है आज ऐसी अवस्था दशरथ जी की थी जाते ही सुमंतजी ने कहा मैं सुमंत दशरथ जी का सेवक आपके चरणों में प्रणाम करता हूं तुरंत सुमंत का नाम सुनकर दशरथ जी उठकर बैठ गए और पूछने लगे हमारे राम आ गए हमारी जान की आ गई लक्ष्मण आ गए सुमन जी ने कहा महाराज वह नहीं आए सुनकर के दशरथ जी ने अपने प्राणों का त्याग कर दिया जीव को अपने कर्म भोगने पड़ते हैं। जिस प्रकार एक बार दशरथ जी ने एक बूढ़े माता-पिता के पुत्र को अनजाने में मार दिया। उसमें तड़प करके उसके माता-पिता मर गए उन माता-पिता ने श्राप दिया था कि दशरथ जिस प्रकार हम पुत्र के वियोग में तड़प तड़प कर मर रहे हैं उसी प्रकार एक दिन तुम भी पुत्र के वियोग में तड़प तड़प करके मरोगे दशरथ जी के प्राण छूट गए यह समाचार पूरी अयोध्या को प्राप्त हुआ। वशिष्ठ जी को बुलाया गया वशिष्ठ जी ने नाव में तेल भरकर के दशरथ जी के शरीर को रखा और सुमंत जी को भारत और शत्रुघ्न जी को लाने के लिए भेजा और कहां के देखो यह मत बताना कि पिताजी का महापारायण हो चुका है। तब सुमंत जी गए हैं भरत जी और शत्रुघ्न जी को लेकर के पधारे तब सबसे पहले माता कैकेय ही आज भरत जी की आरती उतारी है। भरत जी ने पूछा माँ यहां पर सब ठीक तो है ना माने बताया बेटा बाकी सब तो ठीक है पर विधाता ब्रह्मा ने अपनी थोड़ी चाल चलदी जिससे तुम्हारे पिताजी का महापारायण हो चुका है। वह अभी संसार में नहीं रहे सुनकर के भरत जी के चरणों के नीचे से जमीन खिसक गई और बताया कि माँ भैया को बिना राज गद्दी पर विराजमान किये पिताजी ऐसे कैसे जा सकते हैं।

### भूपेंद्र सिंह सिसोदिया बने टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य



**इछावर।** क्षेत्र के युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी गांव रामनगर के भूपेन्द्र सिंह सिसोदिया को बीएसएनएल , एमटीएनएल ( दूरसंचार विभाग ) में भोपाल टेलीफोन सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। श्री सिसोदिया की इस नियुक्ति से क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल में। इस मौके पर कई वरिष्ठ लोगों ने श्री सिसोदिया को बधाई दी प्रदेश नेतृत्व का श्री सिसोदिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया है।

## ग्राम पांगरा में किसान संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी




ग्राम पांगरा में को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें नवभारत फर्टिलाइजर कंपनी की टीम द्वारा आयोजित किसान संगोष्ठी में एरिया मैनेजर पवन यादव और भोपाल से आए कृषि विशेषज्ञ डॉक्टर मुकेश कुमार गोयल ने बताया कि रासायनिक खाद कीटनाशक दवायो अवस्थित ढंग से प्रयोग करने से किसान की वास्तविक स्थिति जैसे कि कम उर्वरता कम पैदावार और कम आमदनी का सामना करना पड़ रहा है।

इसका प्रमुख कारण है रासायनिक खेती करना आदि बताया है। उन्होंने बताया कि हम अपनी मिट्टी बंजर और पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए जैविक खेती के प्रति किसानों को जागरूक किया और साथ ही बताया कि जैविक खाद व जैविक कीटनाशक का उपयोग कर हम अपनी भविष्य की पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए हमें जैविक खेती धीरे-धीरे शुरू करना पड़ेगी जिससे फसल की उपज गुणवत्तापूर्ण प्राप्त कर सकते हैं और हम अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। इस अवसर पर कृषक सुनील तिवारी, गौरी शंकर तिवारी शिवराम, सुनील यादव ललित चंद्रवंशी, सुनील मेहरा आदि किसान मौजूद है।

### विकास संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम सालिया की सरपंच रही नदारद

# यह कैसा महिला आरक्षण : सरपंच की जगह सरपंच प्रतिनिधि कर रहे ग्राम पंचायत सालिया का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

एक तरफ तो केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिला आरक्षण विधायक बिल पारित करके महिलाओं को 50% आरक्षण देने की बात कही गई। वहीं पर कई ग्राम पंचायतों में धरातल पर कुछ अलग ही नजरा देखने को मिल रहा है। जहां सरकार के नियमों को ताक में रखकर अधिकारियों के सामने ही महिला आरक्षण की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।






ऐसा ही एक मामला शुजालपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सालिया का सामने आया, जहां विकास संकल्प यात्रा के दौरान महिला सरपंच होने के बावजूद सरपंच रजिया बी इरफान खां मंच से नदारद रहीं और उनके पति इरफान खां द्वारा ही उपस्थित अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। हद तो तब हो गई जब एक आउट सोर्सिंग विद्युत कर्मचारी के पद पर नियुक्त ही ग्राम पंचायत सालिया की बागडोर संभाले हुए थे। जबकि उस समय उक्त कर्मचारी को अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना चाहिए था, लेकिन विकास संकल्प यात्रा में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए नजर आए। परंतु किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। जब इस संबंध में जनपद पंचायत की सीईओ रुषाली पोरस से जानकारी ली गई तो उन्होंने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि आप मंच की तस्वीरें पहुंचा दीजिए, मैं देखने के बाद बताऊंगीं। इससे यहां साफ जाहिर होता है कि धरातल पर महिलाओं के आरक्षण को कितना महत्व मिल पा रहा है और उन्हें उनके पद का निर्वहन करने का मौका दिया जा रहा है सिर्फ विकास संकल्प यात्रा मे विभागों के द्वारा खानापूर्ति की जा रही है।

लोकसभा में भी सभी पार्टियों द्वारा महिला आरक्षण बिल को पारित करके मंजूरी दी गई। अगर देखा जाए तो इसका पालन धरातल पर कम ही पालन होता हुआ दिखाई दे रहा है। और महिलाओं की जगह पुरुष महिला सरपंचों का प्रतिनिधित्व करते हुए नजर आ रहे हैं। लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा इस ओर कदम बढ़ाकर कार्यवाही करना मुनासिब नहीं समझा जाता है। जबकि चुनाव के समय लोकसभा विधानसभा से लेकर जिला जनपद और सरपंच पंच तक दोनों ही पार्टियों द्वारा महिला आरक्षण को लेकर दुहाई दी जाती है कि महिलाओं के हितों की रक्षा करने के लिए हमारे द्वारा महिला आरक्षण बिल पारित करके महिलाओं को बराबरी का प्रतिनिधित्व दिया गया है। जब इस संबंध में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रजनीश भमोरिया व पोलायकलां पार्षद मनीष तोमर से पूछा गया तो उन्होंने भी महिलाओं के हितों की बात करते हुए महिल सरपंच की अनुपस्थिति पर कहा कि जनपद पंचायत सीईओ को अवगत करायेंगे।

#### भीड़ इकट्ठी करने के लिए स्कूली बच्चों को बैठाया

मध्यप्रदेश सरकार की योजना व नीतियों को आम जनता तक पहुंचने के लिए भाजपा द्वारा विकास संकल्प यात्रा के तहत व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। परंतु कहीं ना कहीं इसका असर ग्राम पंचायत सालिया में देखने को नहीं मिला और ऐसा लगा कि विकास संकल्प यात्रा की सूचना आम ग्रामीणों को नहीं दी गई। जिससे कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों की संख्या कम ही दिखाई दी और भीड़ दिखाने के लिए स्कूल बच्चों का सहारा लेना पड़ा। जिससे यह साफ जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं ग्राम पंचायत द्वारा विकास संकल्प यात्रा का ग्राम मे व्यापक तौर पर प्रचार प्रसार भी ग्राम में नहीं किया गया।

#### सरकार की जनहितैषी योजनाओं की दी जानकारी

विकास संकल्प यात्रा के दौरान सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उपस्थित अतिथियों ने बताया कि सरकार द्वारा गरीब वर्ग के कल्याण के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजना संचालित की जा रही है, जिनका लाभ आम आदमी को मिल पा रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार प्रदेश और देश विकास की ओर अक्सर है। उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर व लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान एक हितग्राहि द्वारा कपिलधारा कूप मे फर्जी तरीके से निकली गई राशि की शिकायत भी की गई शिविर में सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**इनका कहना है...**

मेरी जानकारी में नहीं है। आप मुझे मंच की तस्वीर पहुंचा दीजिए, इसके बाद देखकर मैं बताती हूं। - **रूषाली पोरस, जनपद पंचायत सीईओ शुजालपुर**

### ठेकेदार ने किया घटिया निर्माण कार्य

## प्रधानमंत्री सड़क को लगी टंड जगह-जगह उखड़ी डामर की परत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर ब्लाक के धमंदा से कमलसरा तक निर्मित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क हाल ही में बनकर तैयार हुई है। विगत कई सालों से अधूरी पड़ी हुई सड़क का जैसे ही डामर किया। डामर करते ही सड़क जगह जगह उखड़ने लगी। इस सड़क के निर्माण में ठेकेदार की मनमानी खुल कर उजागर हो रही है। शायद एसडीओ और उपयंत्री की अनदेखी का परिणाम अमानक स्तर की सड़क का घटिया निर्माण कार्य हुआ है। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें ग्रामीण डामर के रोड को उखड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं जिससे रोड की गुणवत्ता की पोल खुल गई।

इसी खबर की सच्चाई जानने के लिए मीडिया के दल ने भी उक्त सड़क को देखा। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों की सांठ गांठ से ठेकेदार ने यह घटिया और अमानक स्तर का रोड निर्माण कार्य किया है जो हाथ से ही उखड़ रहा हे तो केसे टिकेगा। वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के उपयंत्री का कहना है की उस रोड पर वाहनों का आवागमन कम है जैसे जैसे वाहन चलेंगे। रोड सेट होता जाएगा। जब की मीडिया की टीम ने मौके पर जाकर स्थिति देखी तो उसमे कोड आईला भी नहीं डाला गया था और रोड पर कई जगह डामर की परत उखड़ी हुई दिखाई दी।

**इनका कहना है**

टंड की बजह से रोड सेट नहीं हुआ है। मौसम गर्म होने पर रोड सेट हो जाएगा।
**जगदीश पाटीदार**
**इंजीनियर पीएम सड़क योजना।**

### खोयरी महादेव के बाद अब रामदेव मंदिर पर चोरी की वारदात

**राजगढ़।** स्थानीय खोयरी महादेव मंदिर में बीते दिनों हुई चोरी का अभी खुलासा नहीं हो पाया था कि चोरों ने एक बार फिर से वारदात को अंजाम दे डाला। कालीपीठ रोड पर ढंढ जोड़ स्थित रामदेव मंदिर को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि चोर यहां से दो विद्युत मोटरें चुरा ले गए। इसके साथ ही बटेरी वाली माता मंदिर से भी एक पानी की मोटर चोरी हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। इसके साथ ही चोरी की पतारसी में डॉग स्क्वाड की भी मदद ली गई। चोरी की घटना की जानकारी लगने पर पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर समिति के लोगों ने बताया कि दोनों मोटरें ट्यूबवेल में लगी हुई थीं जिन्हें चोरों ने चुराया है। मंदिर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी चेक करने पर उनमें चार संदिग्ध व्यक्ति नजर आए लेकिन उनके चेहरे स्पष्ट नहीं हो पा रहे हैं। उधर, बटेरी वाली माता मंदिर से भी रात्रि में पानी की मोटर चुराई गई है। दोनों मामलों में मंदिर समितियों द्वारा पुलिस को चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने आवेदन दिए गए हैं।


**जिला सहित प्रदेश इन दिनों भीषण शीतलहर की चपेट में**

## भीषण शीतलहर से बचाव के लिए विभाग ने जारी की एडवायजरी



**राजगढ़।** जिला सहित पूरा प्रदेश इन दिनों भीषण शीतलहर की चपेट में है। इसे गंभीरता लेकर एवं शीतलहर से होने वाली क्षति को कम करने के लिए गृह विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। इसके तहत आमजन सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएं, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें, यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।

## 23 दिन बाद सौंपा डीईओ का प्रभार शासन के आदेश का खुला उल्लघंन



**ब्यावरा।** जिले के अधिकारी शासन के आदेश के प्रति बिल्कुल सजग नजर नही आ रहे हैं । ताजा मामला जिला शिक्षा अधिकारी को लेकर सामने आया है। जिसमे देवेन्द्र सिंह रघुवंशी को जोइनिंग देने के 23 दिन बाद कार्यभार सौंपा गया है। जबकि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी को शासन के आदेशानुसार 08.10.2003 द्वारा देवेन्द्र सिंह रघुवंशी को जिला शिक्षा अधिकार राजगढ़ के पद पर तत्काल प्रभाव से पदस्थ किया गया था और उन्होंने 13 दिसंबर 2023 को अपनी उपस्थिति जिले मे दे दी थी लेकिन उन्हे 23 दिन बाद कार्यभार सौंपा गया। राजगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी के पद के लिए देवेंद्र रघुवंशी को उपसचिव वल्लभ भवन के माध्यम से आदेशित किया गया था। उनके द्वारा 23 दिन पूर्व उपस्थिति देने के बावजूद कार्यभार न सौंपना पद के दुरूपयोग की श्रेणी में आता है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल


**सारंगपुर ।** समीप ग्राम मऊ के पास गुरुवार को नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, जिसमें बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद घायल और मृतक को हाईवे एम्बुलेंस की मद्त से सारंगपुर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।



घायल की तबियत बिगड़ने पर कुछ देर बाद शाजापुर रैफर किया गया। साथ ही मृतक का पीएम करवा कर शव परिजनों को सौपा। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर ट्रक गिरफ्त में ले लिया। वही पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार दोपहर को चतरुखेड़ी निवासी दो व्यक्ति कलीम खान तथा सादाब खान अपनी बाइक से मऊ से डीजल लेकर उनके गांव की तरफ आ रहे थे। वहीं सारंगपुर की तरफ से ट्रक क्रमांक आरजे 11 जेबी 0938 पचोर की ओर जा रहा था। चतरुखेड़ी से करीब 2 किलोमीटर आगे पेट्रोल पंप के पास ट्रक चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें सादाब खान की मौत हो गई और कलीम खान गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, मामला दर्ज कर जांच में लिया।

**सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर में हुआ आयोजन**

## राम-दरबार की झांकी के साथ 108 अविराम सुंदरकांड पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर गुरुवार शाम काशीपुरा क्षेत्र के नजरबाग हनुमान मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाए गए। इस दौरान मंदिर में 1008 दीपकों को प्रज्ज्वलित करते हुए आकर्षक रंगोली बनाई गई। इसके साथ ही प्रजापिता ब्रहाकुमारीज संस्था द्वारा यहां राम-दरबार की आकर्षक जीवंत झांकी का भी प्रदर्शन किया गया। इस झांकी में भगवान राम-सीता एवं हनुमान, लक्ष्मण को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया।

झांकी के साथ ही मंदिर परिसर में 108 अविराम सुंदरकाण्ड पाठ आरंभ हुआ जो रात्रि तक चलता रहा। इन 108 सुंदरकाण्ड पाठियों के अलावा भी अन्य श्रद्धालु सुंदरकाण्ड पाठ में सम्मिलित हुए। गरिमामय आयोजन को लेकर मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थीं। रात्रि में सभी श्रृद्धालुओं को प्रसादी भोज करवाया गया।

#### हनुमान अष्टमी पर इन मंदिरों में भी हुए आयोजन

सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर के साथ ही संकटमोचन हनुमान मंदिर, खोयरी रोड पर एसी वाले हनुमान मंदिर, इंगले कॉलोनी स्थित आर्षिवाद हनुमान मंदिर, बाईपास रोड स्थित अंजनीलाल मंदिर, कालाखेत हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों में भी हनुमान चालीसा, सुंदरकाण्ड, यज्ञ-हवनादि कार्यक्रम संपन्न करवाए गए। सभी मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्तजन हनुमानजी की पूजा-अर्चना, स्तुति में रमे दिखे।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर से अय्यापुर बालाजी सरकार धाम पहुंची विशाल ध्वज पैदल यात्रा

### लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, ध्वज चढ़ाकर की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

श्री अय्यापुर बालाजी महाराज भक्त मंडल के तत्वावधान में गुरूवार को संकट मोचन हनुमान मंदिर से अय्यापुर बालाजी सरकार धाम तक पैदल ध्वज यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई।

नगर के ब्लॉक कॉलोनी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष उपेंद्र छावरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा,अय्यापुर बालाजी भक्त मंडल संस्थापक नीलकमल व्यास, लोकेश गोस्वामी सहित अन्य अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना एवं महा आरती कर विशाल ध्वज डीजे व ढोल ढमाके के साथ पैदल ध्वज एवं शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो एबी रोड बस स्टैंड महाराणा प्रताप चौराहा नजीबाबाद स्कूल दीनदयाल चैराहा बदलीपुरा हनुमान मंदिर बागकुआं रोड अस्पताल रोड परशुराम चोराहा अकोदिया नाका कृषि उपज मंडी काचीखेडी से होते हुए अय्यापुर बालाजी सरकार धाम पहुंच,। जहां बालाजी सरकार को विशाल ध्वज चढ़ा कर महाआरती की गई। तथा अय्यापुर बालाजी सरकार धाम पर मंदिर समिति द्वारा सभी के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की।



## मोंगिया समाज के जाति प्रमाण पत्रों के लिए सौंपा ज्ञापन



**राजगढ़।** अखिल भारतीय आदिम महासंघ के बैनर तले शुक्रवार को मोंगिया समाज के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख है कि मोंगिया समाज को मप्र अनुसूचित जनजाति संशोधन आदेश में अ.जनजाति अधिसूचित किया गया है। लेकिन, इसके बाद भी खिलचीपुर में मोंगिया समाज के लोगों के जाति प्रमाण-पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं, जबकि साल 2019 में खिलचीपुर एसडीएम द्वारा 1500 से अधिक लोगों के अनुसूचित जनजाति प्रमाण-पत्र बनाकर दिए गए थे। परन्तु अब वहां से प्रमाण-पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। पूर्व में जारी प्रमाण-पत्रों को भी गलत बताया जा रहा है। एक ही पिता की बड़ी पुत्री को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र दिया गया, जबकि छोटी पुत्री का आवेदन ही निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत करने पर आवेदक से पूछे बिना ही शिकायत को बंद कर दिया जाता है। कलेक्टर से मांग की गई है कि शासन के आदेशों का अवलोकन करते हुए मोंगिया समाज को अनुसूचित जनजाति के प्रमाण-पत्र जारी करवाए जाएं। इस अवसर पर शिवनारायण गुजराती, रामस्वरूप धोलकर, शिवलाल गुजराती, धीरपसिंह गुजराती, बलराम, केलाशप्रसाद पंवार, जयनारायण गुजराती, कन्हैयालाल पंवार, गोविंद मोगिया, गोपाल प्रसाद मोंगिया, अमरसिंह सहित समाज के अन्य उपस्थित थे।

### विकसित भारत यात्रा पहुंची खुजनेर, योजनाओं के शिविर का हुआ आयोजन

# विधायक अमरसिंह बोले - प्रधानमंत्री की जनहितैषी योजनाओं का लाभ सीधे नागरिकों को मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

विकसित भारत संकल्प यात्रा खुजनेर के मांगलिक भवन में पहुंची, जहां शासन की समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के शिविर का आयोजन तथा वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजन से कार्यक्रम की प्रारम्भ हुआ। अतिथि स्वागत के बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा की वेन से प्रधानमंत्री का उदबोधन सुना गया।




कार्यक्रम में सांसद रोड़मल नागर द्वारा अपने उदबोधन में समस्त कर्मचारियों को पात्रता अनुसार नागरिकों को लाभ दिलाने के लिए अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य से अवगत कराया। उन्होंनें कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कों शासन की योजना का लाभ मिले यह आपकी जिम्मेदारी है। कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। विधायक अमरसिंह यादव ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री बहुत ही सरल और गरीबों के हितेषी है जिन्होंने ऐसी योजनाएं चलाई जिनका लाभ सीधे नागरिकों को मिल रहा है। पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी है कि शतप्रतिशत पात्र हितग्रहियों को लाभ मिले।

#### पूर्व जिलाध्यक्ष ने रखी खुजनेर में कॉलेज प्रारंभ करने की बात

पूर्व जिलाध्यक्ष केदार काका नें सांसद और विधायक से खुजनेर में कॉलेज प्रारम्भ करने की बात कही। साथ ही नपाध्यक्ष एवं समस्त परिषद की सराहना की। नपाध्यक्ष कैलाशी बाई , पूर्व नपाध्यक्ष पंकज शर्मा, नपा उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह , मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी गुलाबसिंह बघेल, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सुरेन्द्र कुमार मित्तल मंचासीन थे। सांसद रोडमल नागर द्वारा समस्त नागरिकों को विकसित भारत संकल्प दिलाया गया।

#### ऑनलाइन शपथ के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम में अंत में क्विज तथा ऑनलाईन शपथ भी कराई गई। इस अवसर पर तहसीलदार आदर्श शर्मा, सीएमओ उमेश शर्मा, सहित समस्त पार्षदगण, नपा कर्मचारी सहित स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, बैंक, नगर परिषद, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, राजस्व विभाग, महिला बाल विकास विभाग, खेल विभाग, आईटीआई आदि के द्वारा शिविर लगाए गए।

**खबर संक्षेप**

## जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**आष्टा।** न्यायालय परिसर आष्टा में प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के निर्देशन में तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा के अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे के द्वारा न्यायालय प्रांगण आष्टा में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री चौबे द्वारा बताया गया कि एडीआर या वैकल्पिक विवाद समाधान शब्द विवादों को सुलझाने के लिए अपनाई गई अदालत से बाहर की किसी भी प्रक्रिया को दर्शाता है। सुलह एडीआर की एक लचीली और अनौपचारिक प्रक्रिया है। जहां विवादित पक्ष एक या एक से अधिक सुलहकर्ताओं की सहायता से अपने विवादों को सुलझाते हैं जो निष्पक्ष तरीके से कार्य करते हैं और एक सौहार्दपूर्ण समाधान तक पहुंचने में पक्षों की सहायता करते हैं। एक मध्यस्थ की तुलना में एक सुलहकर्ता की कार्रवाई के किसी भी चरण में निपटान के लिए प्रस्ताव बनाकर पक्षों को एक समझौते पर पहुंचने के लिए राजी करने में अधिक सक्रिय होता है। इस अवसर पर न्यायाधीश वंदना त्रिपाठी, न्यायाधीश ऋचा सिंह राजावत, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### श्री राम कथा के छठवें दिन हुआ श्री राम जानकी विवाह का आयोजन, अंतिम दिवस आज दी जाएगी गुरु दीक्षा

# विनम्रता के साथ जो व्यक्ति कदम बढ़ाते हैं वह जीत जाते हैं जो घमंड से कदम बढ़ाते हैं वह हार जाते हैं: गोविंद जाने








शीत लहर होने के बाद भी पंडाल कम पड़ गया संत श्री ने राम जानकी विवाह पर प्रकाश डाला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संत श्री गोविंद जाने की के मुखारविंद से चल रही आष्टा नगर में श्री राम कथा के छठवें दिवस पर भारी संख्या में धर्म लाभ अमृत में रसपान के श्रद्धालु श्रोताओं का भारी जमावड़ा कथा पंडाल में पहुंचा और छठवें दिन लगातार पंडाल बढ़ाने और शीत लहर होने के बाद भी पंडाल कम पड़ गया। संत श्री ने राम जानकी विवाह पर प्रकाश डाला। अच्छा बोलना अच्छा देखना अच्छा कार्य करना यह आपकी कल नहीं है यह भगवान की दया दृष्टि से आपको विवेक मिला है। किसी का अहित होना आपकी खुशहाली से जुड़ा है तो आपकी खुशी निरर्थक है। बुरे खान पान गलत वाणी लोभ लालच का त्याग करना ही संन्यास कहलाता है।

यह तेरा यह मेरा इन सब को छोड़कर अगर राम को अंतःकरण से याद करोगे जिस दिन आपने गोपाल को अपना बना लिया छोटी वाणी गलत खान पान ईर्ष्या का त्याग कर दोगे उसे दिन प्रभु के करीब पहुंच जाओगे। प्रार्थना पाठशाला या संत नहीं सिखाता है। जिस प्रकार एक छोटा बच्चा अपनी मां को देखकर ललाहित होता है और वह उसके भाव को समझ जाती है। ठीक इस प्रकार आपका प्रभु के प्रति लगन ही आपकी सच्ची प्रार्थना है। तन का स्नान तो हम घर पर भी कर सकते हैं परंतु गंगा जमुना काशी में नहाने से जो प्रार्थना करता है मां हमारे अंदर छुपी बुराइयों का त्याग कर। इस जल में समाहित कर देना और हम अच्छे इंसान बने ऐसी मती देना। उदयांचल पर्वत के समान बने हुए विशाल मंच पर श्रीरामचन्द्र जी के रूप में बाल सूर्य के उदित होते ही सभी संत रूपी कमल खिल उठे हैं। और नेत्ररूपी भंवरे हर्षित हो उठे हैं। भाव यह है कि मंच पर रामचंद्र जी के चढ़ते ही महफ़िल में बैठे सभी सज्जन व्यक्ति अत्यधिक प्रसन्न हो जाते हैं।



विश्वास विनम्रता प्रणाम साहस के साथ जो व्यक्ति कदम बढ़ाते हैं वह जीत जाते हैं और जो घमंड से कदम बढ़ाते हैं वह हार जाते हैं। जा पर कृपा राम की होई, ता पर कृपा करहिं सब कोई। जिनके कपट, दम्भ नहिं माया, तिनके ह्रदय बसहु रघुराया। कपट, दम्भ और माया से परे है, वो ही भगवान श्री राम के कृपा पात्र है और जिन पर राम की कृपा है उन्हें कई सांसारिक दुःख छू तक नहीं सकता। परमात्मा जिस पर कृपा कर देते है उस पर तो सभी की कृपा अपने आप होने लगती है । इस अवसर पर समिति के अनोखीलाल खंडेलवाल, सिहोर विधायक की धर्म पत्नी अरुणा सुदेश राय, विधायक गोपाल इंजिनियर, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनु गुणवान, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, नपा प्रतिनिधी रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व जनपद अध्यक्ष बल बहादुर सिंह ठाकुर, सोभाल सिंह मुगली, व्यापारी संगठन के अध्यक्ष रुपेश राठौर,कृपाल पटाडा, सरपंच राजेंद्र पटेरिया, राजेंद्र गुणवान,राजा पारख, कमल ताम्रकार, डॉक्टर रतन सिंह ठाकुर, अरविन्द मेवाड़ा, शंकर मंदिर पुजारी गिरी महाराज, पंडित राजेश्वर बाबा,चेतन ठाकुर सेमलीबारी,डॉ मनोज नागर ,बंटी मेवाडा , चेतन सिंह ठाकुर, चेतन वर्मा, जुगल पटेल,राजा मेवाडा, चन्दर ठेकेदार, जटाल सिंह,नानूराम मेवाडा, विजय खंडेलवाल,अतुल शर्मा,सोनू गुणवान, हरेंद्र ठाकुर, अजब सिंह राजपूत, रवि शर्मा, जीतेंद्र सिलोटिया, देवराज परमार, महादेव महिला मंडल के संध्या बजाज, भगवती सोनी सहित सेकडो भक्त मोजूद रहे।

## रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

1 शनिवार को रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक का आयोजन सिविल अस्पताल आष्टा में माननीय विधायक गोपाल सिंह जी इंजीनियरिंग की अध्यक्षता में की गई। जिसने माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर पुष्पमाला के साथ द्वीपप्रवच्लन किया गया।

साथ ही समस्त अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा विधायक के साथ साथ सहायक कलेक्टर महोदय, अनुविभागीय अधिकारी, एवम सभी सामाजिक कार्यकर्ताओ का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। उसके उपरांत विधायक द्वारा अस्पताल में बेहतर स्वस्थ सेवाओं में एजाफाँ व अस्पताल में अवश्यक सामग्री के प्रबंधन के लिये दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नगर मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, हरेंद्र ठाकुर, योगेन्द्र ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, रतन सिंह ठाकुर, लोक निर्माण विभाग, महिला व बाल विकास विभाग, अस्पताल के समस्त चिकित्सकगण, स्टाफ आदि उपस्थित रहे। बैठक उपरांत माननीय विधायक महोदय जी द्वारा समस्त गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी के साथ पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया गया, एवम आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## हर घर यज्ञ अभियान की हुई शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री राम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में परोपकार संत सेवा समिति के राजेश गुप्ता ने बताया सभी सदस्यों ने ईश्वरी प्रेरणा से यह संकल्प लिया है 1 जनवरी 2024 तारीख से निरंतर 22 तारीख तक प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में यज्ञ किया जाना है जिसके रक्षक स्वयं श्री राम होंगे यज्ञ श्रृंखला की शुरुआत 1 जनवरी से की गई जो निरंतर 22 जनवरी तक निरंतर चलाई जाएगी साथ ही जनमानस से अपील आप भी अपने घरो में यज्ञ करेंदिनांक 1/1/2024 से अभी तक चल रही यज्ञ श्रृंखला मैं सहयोग करने वाले सौभाग्यशाली प्रिय जनों में प्रेम नारायण जायसवाल, राकेश कुशवाहा, हरिओम कटारिया, चंचल मोटवानी, अजय कटारिया, दिनेश परमार, मुकेश तांबेकर, किशोरी लाल कुशवाहा, राजेश वर्मा, राजेश गुप्ता आदि परोपकार संत सेवा समिति के सभी सदस्यों ने अजय कटारिया के घर पहुंच कर यज्ञ पूर्ण किया।

## सकल हिंदू समाज ने किया संत और व्यवस्था करने वालों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मैं ब्राह्मण, तुम मेवाड़ा, वह वर्मा यह सब छोड़ोहिंदुओ एक हो जाओ सिर्फ हिंदू, आज समय है राम के वंशज हो, राम बनो उनके आदर्शो पर चलो। उक्त वचन नगर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय राम कथा के दौरान मालव माटी के प्रदेश प्रसिद्ध संत अपनी मालवी भाषा के लिए पहचाने जाने वाले गोविंद जाने ने अपने पांचवें दिन के प्रवचन दौरान कही। संत श्री ने पधारे सभी सकल समाज के अध्यक्षों, समाज जनों से अपील की हर घर से एक बच्चा बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद आरएसएस, ओर भी जो संगठन समाज के लिए काम कर रहे हैं समर्पित कर दे। आज सकल हिंदू समाज ने संत श्री का साफा एवं शाल भेंट कर सम्मान किया। सकल हिंदू समाज की ओर से अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, सुरेश सुराना, मनीष डोंगरे, मुकेश नामदेव, पत्रकार राजीव गुप्ता, जितेंद्र भामा, बाबूलाल बिल्लौर, महेश जाट, सुधीर मेहलवार पप्पू रैकवार, गोपाल पांचाल, निर्मल बैरागी उपस्थित थे। सभी ने गुरुदेव का स्वागत किया। गुरुदेव के साथ महादेव महिला मंडल आष्टा की महिलाए जिन्होंने पूरी कथा में अपना विशेष सहयोग दिया है भगवती सोनी, संध्या बजाज, विनीता महेश्वरीटीना पांचाल, मंजू राठौर, कल्पना परमार और आयोजक टीम मनोज नगर, विजय खंडेलवाल, जुगल पटेल, बंटी मेवाड़ा, चेतन वर्मा, चेतन ठाकुर सेमली बारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं भी स्वागत किया गया।

## चल रहा एक्यूप्रेशर, वाइब्रेशन और कंपिंग थैरेपी शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आज के युग में हर व्यक्ति किसी भी समस्या का निदान त्वरित चाहते है, विशेषकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में ।लेकिन बिना दवा एवं बिना ऑपरेशन के कई रोगों का उपचार एक्यूप्रेशर, वाइब्रेशन एवं कपिंग थेरेपी के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसे शिविर का लाभ रोगी व्यक्तियों को अवश्य लेना चाहिए। खुशी इस बात की है कि ऐसे शिविर आयोजित करने में दिगंबर जैन समाज सदैव तत्पर रहता है। उक्त बातें नगर के अरिहंत पुरम दिगंबर जैन मंदिर के सामने संत निवास में आयोजित सात दिवसीय एक्यूप्रेशर, वाइब्रेशन एवं कपिंग थेरेपी शिविर के शुभारंभ अवसर पर दिगंबर जैन समाज के संरक्षक पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष धनरुपमल जैन ने कहीं।श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंतपुरम अलीपुर मंदिर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन अमलाह, राजेंद्र जैन ने बताया कि श्री दिगंबर जैन समाज आष्टा के तत्वाधान में 5 जनवरी से 11 जनवरी तक संत निवास जैन मंदिर के सामने अरिहंतपुरम अलीपुर में एक्यूप्रेशर, वाइब्रेशन व कपिंग थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। सात दिवसीय रजिस्ट्रेशन का शुल्क मात्र 100 रुपए रखा गया है ।सुबह 9 से दोपहर 1बजे तक एवं सायं 4 से 8 बजे तक यह शिविर संचालित होगा। शिविर का शुभारंभ अवसर पर भिन्न रोगों के मरीज शिविर में पहुंचे और अपना पंजीयन करा कर उपचार प्रारंभ कराया। धर्मेंद्र जैन ने बताया कि इस शिविर में एक्यूप्रेशर थैरेपिस्ट पी आर जाखड़ जोधपुर राजस्थान तथा एक्यूप्रेशर थैरेपिस्ट विशाल कुमार राजस्थान के अपनी सेवाएं देंगे। बिना औषधि रोगों का उपचार थेरेपी के माध्यम से कर रहे हैं। जिसमें पुराना सरदर्द, साइटिका, घुटनों का दर्द, सर्वाइकल दर्द, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, बच्चों को नींद में पेशाब आना, लकवा पैरालिसिस, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, ब्लड प्रेशर, शुगर, पेट रोग, आंख ,नाक - कान, गला रोग, हाथ पैरों में थकान या सुन्नपन आने का उपचार किया जा रहा है। शिविर के शुभारंभ अवसर पर समाज के संरक्षक धनरुपमल जैन, सुरेश जैन,इंदरमल जैन,आशिष जैन, प्रमोद जैन, धर्मेंद्र जैन आदि उपस्थित थे। शिविर में करीब 40-50 लोगों ने पहुंचकर अपना उपचार प्रारंभ कराया।

## दिन भर छाया रहा कोहरा, नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन, जलते रहे अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर व क्षेत्र में पांच दिन से कोल्ड डे चल रहा है। इसके चलते शुक्रवार को दिन का पारा 16 डिग्री तक जरूर पहुंचा लेकिन न्यूनतम तापमान 11 से घटकर 9 डिग्री पर पहुंच गया। रात के पारे में गिरावट के कारण दिनभर सर्द हवाएं तेज हो गईं। मौसम विभाग वाले की मानें तो 6 जनवरी तक चटक धूप निकलने के आसार नहीं हैं।

शनिवार को भी दिन में अलाव का सहारा लेना पड़ा। आष्टा में सर्द हवाओं का प्रकोप जारी है। कोहरा के कारण पूरे दिन धूप नहीं निकली। शुक्रवार को लगातार पांचवां दिन कोल्ड डे रहा। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार शनिवार तक कोहरे का असर रहेगा। इस कारण धूप निकलने की उम्मीद नहीं है। इससे फसलों में नुकसान की स्थिति बन सकती है।

मौसम में परिवर्तन के कारण अधिकतम व न्यूनतम तापमान में अंतर दर्ज किया गया। साल बदलने के साथ ही मौसम भी रोज अपना मिजाज बदल रहा है। गुरुवार सुबह-सुबह और रात में भी बूंदाबांदी हुई। यही स्थिति शुक्रवार को भी रही। सुबह से कोहरा छाया, जो दिनभर बना रहा। इसके बाद भी दिनभर बादलों की उपस्थिति के चलते धुंधलका छाया रहा। पूरा दिन सूरज नहीं निकला। इसका असर यह रहा कि दिन का तापमान 2 डिग्री गिर गया, जबकि रात का तापमान आधा डिग्री बढ़ गया।

## विधायक के प्रयासों से विधानसभा को मिली सौगाते

**आष्टा।** कोठरी नगर एवम् भंवरा में सीएम राइस स्कूलो से क्षेत्र वासियों में हर्ष का माहौल है विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का धन्यवाद ज्ञापित करने वालो में भाजपा कोठरी मंडल अध्यक्ष रूपेश जगदीश पटेल, देव जी पटेल, युवराज सिंह,ललित धारवां, सुनिल केलीया, टूम्मान पटेल,सुनिल परमार, एलाम सिंह, दशरथ सिंह राजपूत प्रेम मेवाडा नेता जी गोकुल प्रसाद मेवाडा, रमेश मालवीय, कैलाश चंद्र पटेल, देवराज पटेल, जगदीश मेवाडा, राजकुमार पटेल, अंकित तोमर जितेन्द्र गोयल आदि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवम्कार्यकर्ताओ ने माननीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का आभार व्यक्त किया।

### हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष के नेतृत्व में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# लगाया आरोप: नहीं हो रहा शासन के आदेश का पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में मांस-मछली की खुले में बिक्री करने पर रोक लगाने एवं ध्वनी विस्तारक यंत्रों को धार्मिक स्थलों से भी उतरवाने का आदेश जारी किया है। इसके बाद पूरे प्रदेश में खुले में चल रही मांस- मटन दुकानों को बंद कराया गया है ,लेकिन नगर के कन्नौद रोड पर हरी नेट के पीछे मांस-मछली की दुकानें लगाई जा रही है। एक समुदाय द्वारा अपने धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा रहा है। जबकि दूसरे समुदाय द्वारा अपने धार्मिक स्थलों से निर्देश होते ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों को उतार लिया गया है। उक्त मामलों को लेकर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट सहित सकल समाज के अध्यक्षों की उपस्थिति में एसडीएम के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार चंचल जैन को सौंपा गया। हिंदुत्व समिति का अध्यक्ष कालू भट्ट एवं व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया कि नगर के रहवासी क्षेत्र में तथा स्कूल और कॉलेज के समीप शासकीय भूमि से मांस -मटन और अंडों की बिक्री हो रही है। शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय के समीप शासकीय भूमि पर गुमटी पर मांस -मटन हरी नेट लगाकर बेचा जा रहा है। यही स्थिति नगर के अन्य प्रमुख मार्गो पर है।अंडे के ठेले भी लग रहे हैं, उन्हें हटवाया जाएं। तथा एक समुदाय द्वारा अपने धार्मिक स्थलों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को नहीं उतारे गए हैं, उन्हें हटवाया जाए, नहीं तो दूसरे समाज को भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने दिया जाए। मांस-मछली की दुकानें खुले में संचालित हो रही है। खुले में मांस मछली की बिक्री होने से इससे आने वाली बदबू से लोगों को परेशानी होती है। कालू भट्ट और रुपेश राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आदेश पर अमल कराया जाए। अब तक खुले में ही हरी नेट की आड़ में मांस-मछली की बिक्री हो रही है। ज्ञापन सौंपते समय काफी संख्या में सकल समाज के लोग उपस्थित थे।

## रैली निकाल कर हिट-एंड-रन कानून के विरोध में सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



हिट एंड रन मामले में सख्त कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल आष्टा में बरकरार है। कुछ ही ट्रक चल रहे हैं ,बाकी के पहिए जाम है । शनिवार को दोपहर 12 बजे पार्वती पुल के समीप पुराने मछली मार्केट से ट्रक ड्राइवरों द्वारा रैली निकालकर तहसील कार्यालय में पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे बाईपास पर धरना दिया जाएगा। सरकार के उक्त कानून के विरोध में आष्टा के ट्रक ड्राइवर संगठन के बैनर तले जमकर नारेबाजी भी की गई ।वहीं बाहर के ट्रकों से कृषि उपज मंडी के व्यापारियों का माल गंतव्य स्थल तक जा रहा है। शुक्रवार 5 जनवरी को ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष फारूक की अध्यक्षता में पार्वती पुल के समीप स्थित ट्रक पार्किंग स्थल पर एक बैठक करके निर्णय लिया कि शनिवार 6 जनवरी से बाईपास के समीप इंडियन ढाबे के समीप शामियाना लगाकर सरकार के काले कानून के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

उसके पूर्व पार्वती पुल के समीप स्थित पुराना मछली मार्केट ट्रक पार्किंग स्थल से एक जुलूस निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रशासन को अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन दिया जाएगा। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से धरना प्रदर्शन प्रारंभ होगा। उन्होंने उक्त काले कानून के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। नगर के 60 से अधिक ट्रकों के पहियों के चक्के हिट एंड रन कानून की घोषणा होने के बाद से ही ट्रक ड्राइवर की हड़ताल के कारण जाम है। इससे आष्टा से बाहर सामान भेजने वाले ट्रक मालिक परेशान हैं। बाहर के ट्रकों से यहां पर माल अवश्य आ रहा है और बाहर के ट्रकों में कृषि उपज मंडी से व्यापारियों की उपज गंतव्य स्थल पर भी भेजी जा रही है।